आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 04.01.2026

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि ऑनलाइन स्थानांतरित की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।
- देहरादून में मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से रायपुर–डालनवाला क्षेत्र में दो पार्कों का विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' ने शिलान्यास किया।
- और, पौड़ी गढ़वाल में ग्रामीण विकास के तहत ग्रामोत्थान परियोजना की ओर से जलवायु अनुकूल कृषि पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समाज कल्याण विभाग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की दिसंबर माह की किश्त डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी की। इस अवसर पर 09 लाख 43 हजार 964 लाभार्थियों के खातों में कुल 140 करोड़ 26 लाख 97 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं निराश्रित व्यक्तियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पारदर्शी शासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी प्रकार के भुगतान डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में किए जा रहे हैं, जिससे समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। श्री धामी ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र व्यक्तियों का 59 वर्ष की आयु से ही चिन्हीकरण किया जाए, ताकि पात्रता पूरी होते ही उन्हें शीघ्र पेंशन का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। जिससे न केवल सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ, बल्कि पर्यटन, व्यापार और सामरिक विकास को भी नई मजबूती मिली है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री धामी ने ये बातें कहीं। उन्होंने इस मौके पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं जवानों का सम्मान करते हुए उनके साहस, समर्पण और राष्ट्र सेवा भावना की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल ने पिछले छह दशकों से आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद, नक्सलवाद और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अदम्य साहस और समर्पण के साथ कार्य करते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार नए निर्णय ले रही है।

किसान

कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और बारिश न होने के कारण दलहन, तिलहन और धान्य फसलों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसके साथ ही आलू और सरसों की फसलों में झुलसा, माहू रोग का प्रकोप बढ़ने व प्रकाश संश्लेषण कम होने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। उधमसिंहनगर जिले में लगभग 1 लाख 32 हजार हैक्टेयर भूमि पर खेती की जा रही है, जिसमें 1 लाख 1 हजार हैक्टेयर पर गेंहू, 8398 हैक्टेयर पर राई, सरसों और 740 हैक्टेयर पर मटर लगाई गई है। उधमसिंहनगर जिले के मुख्य कृषि अधिकारी डा. विकेश कुमार सिंह यादव ने बताया कि जनपद के असिंचित क्षेत्रों की फसलों में मौसम का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जबकि सिंचित क्षेत्रों में किसान सिचाई कर पाले के प्रभाव से काफी हद तक फसल को नुकसान से बचा सकते हैं।

एमडीडीए

देहरादून में मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से रायपुर–डालनवाला क्षेत्र में दो पार्कों का विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' ने शिलान्यास किया। इन दोनों पार्कों के निर्माण पर लगभग 90 लाख रुपये की लागत आएगी। रायपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एमडीडीए कॉलोनी, चंद्र रोड, डालनवाला स्थित सामुदायिक भवन के समीप पार्क प्रस्तावित है। इस मौके पर विधायक उमेश शर्मा 'काऊ' ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में विकास के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। पार्कों का निर्माण शहरी जीवन में स्वच्छ वातावरण और बेहतर सार्वजनिक सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण मुख्यमंत्री के हरित विकास विजन के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण–अनुकूल अधोसंरचना विकसित कर रहा है। पार्कों का उद्देश्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

## पौड़ी

पौड़ी गढ़वाल में ग्रामीण विकास के तहत ग्रामोत्थान परियोजना की ओर से जलवायु अनुकूल कृषि पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के पहले दिन ग्राम वजली की महिलाओं को सहायक प्रबंधक आजीविका धनी लाल उनियाल ने जलवायु परिवर्तन, जलवायु आधारित कृषि पद्धतियां, जैविक खेती और जलवायु स्मार्ट कृषि की जानकारी दी। दूसरे दिन प्रतिभागियों को खिर्सू ब्लॉक के चमराडा गांव में भ्रमण कराया गया, जहां परियोजना की यूनिट में गोबर से बनी मूर्ति, धूप, हवन कप और अन्य उत्पाद बनाने की प्रक्रिया समझाई गई।

## अल्मोडा

अल्मोड़ा में ब्रेल लिपि के आविष्कारक सर लुई ब्रेल की 217 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ की ओर से जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि समाज का दायित्व है कि दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान किए जाएं तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संवेदनशील और सहयोगात्मक वातावरण तैयार किया जाए।

## देहरादून

देहरादून जिले के विकासनगर के लांघा अम्बाडी मार्ग पर लंबे समय से प्रतीक्षित पुल का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है। क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने नवनिर्मित सेतु का लोकार्पण किया। 12 मीटर स्पैन वाले इस पुल का निर्माण लगभग 183 लाख रुपए की लागत से किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पुल के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि स्थानीय विकास को भी नई रफ्तार मिल सकेगी।

## चंपावत

रेड क्रॉस सोसाइटी चंपावत ने जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, पोषण और आपातकालीन सहायता के बारे में जानकारी दी गई। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और जीवन रक्षक जानकारी को लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि समुदाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा का स्तर बढ़ाया जा सके।

## आंगनबाड़ी केन्द्र

नैनीताल में लगातार घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आगामी 9 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट व अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नैनीताल ललित मोहन रयाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि इन परिस्थितियों में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद नैनीताल में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 5 जनवरी से 9 जनवरी तक अवकाश रहेगा।

## रामलीला

उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी ब्लॉक के गोरशाली गांव में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक रामलीला ने 122 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 1904 में टिहरी रियासत काल में शुरू हुई यह रामलीला अपनी विशिष्ट परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राणा ने बताया कि इस वर्ष मंचन 14 दिसंबर से 1 जनवरी तक चला और वासुकी नाग की डोली की अनुमति अनुसार 1 जनवरी को राजतिलक किया गया। ग्रामीण मानते हैं कि इस विधि से गांव की सुख–समृद्धि बनी रहती है और इसलिए 122 साल पुरानी यह परंपरा आज भी जीवित है।